प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः- 13.09.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## जनपद महोबा में की गयी संदिग्ध व्यक्तियों / वाहनों की चेकिंग, वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन किये जाने का किया गया अनुरोध-

आज दिनांक 13.09.2021 को श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन प्रयागराज द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में जनपद महोबा में **09:30** बजे से लेकर **11:00** बजे तक विशेष वाहन चेकिंग अभियान अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0 के0 गौतम के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री उमेश चन्द्र एवं समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ जनपद महोबा के महत्वपूर्ण स्थानों/चौराहों पर यातायात सुचारू रखते हुए जिगजेग बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहनों की सघन चैकिंग की गयी जिसमें चार पहिया वाहनों में अवैध हूटरों , काली फिल्मों को हटवाया गया , डग्गामार वाहनों एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों का चालान किया गया।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत बैंकों में जाकर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया तथा वहाँ मौजूद शाखा प्रबन्धक से कुशलता लेते हुये बेतरतीब खडे वाहनों को सुव्यवस्थित तरीके से खड़ा कराया गया।








प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 13.09.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## बालिकाओं व महिलाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों एवं उनके अधिकारों के प्रति किया गया जागरुक -

महिलाओं/बच्चियों के विरुद्ध घटित होने वाले अपराधो एवं उन पर होने वाले उत्पीड़न के रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान "मिशन शक्ति फेज-**3**" के तहत आज दिनांक **13.09.2021** को पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रो में महिला बीट पुलिस अधिकारी व अन्य पुलिसकर्मियों के साथ विभिन्न ग्रामो में चौपाल/कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति फेज-**3**" के तहत सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजार, कॉलेज, कोचिंग संस्थान व अन्य सार्वजनिक स्थलों को असामाजिक तत्वो से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओ को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0**-112** नम्बर/**1090**वूमेन पावर लाइन **/181** महिला हेल्प लाइन/**1076** मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/**1098** चाइल्ड हेल्प लाइन/**102** स्वास्थ्य सेवा/**108** एम्बूलेन्स सेवा/**155260** साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारीयाँ दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानो में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला कर्मी द्वारा महिलाओ की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हैल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया।



# महोबा पुलिस



## क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा ग्राम विजयपुर में भ्रमण कर महिलाओं को सुरक्षा संबंधी अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सर्किल के सभी चौकी इंचार्जों के साथ मीटिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए





आज दिनांक **13/09/2021** को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री तेजबहादुर सिंह द्वरा कोतवाली कुलपहाड़ पुलिस के साथ थाना कुलपहाड़ क्षेत्र के अन्तगर्त ग्राम विजयपुर का भ्रमण किया गया, भ्रमण के दौरान गांव में जन सामान्य के लोगों पुरुष एवं महिलाओं को एकत्रित कर मिशनशक्ति-03 अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण एवं महिला हेल्पडेस्क नंबर **1090**, **112**, **181**, **1076** आदि के संबंध में तथा साइबर अपराध से कैसे बचे इस संबंध में जागरुक किया गया तथा गांव में शराब बेचने वाले एवं जुआ खेलने वालों के संबंध में भी वार्ता कर जानकारी दी गई तथा पीआरवी चेकिंग कर कमाण्डर, सबकमाण्डर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा अपने सर्किल के चौकी प्रभारियों के साथ मीटिंग की गयी तथा मीटिंग में चौकी प्रभारियों को लम्बित विवेचनाओं का समय से निस्तारण करनें तथा महिला संबंधी अपराधों की प्राथमिकता से आवश्यक कार्यवाही कर उनका निस्तारण करें,तथा अपने-अपने क्षेत्र में लूट/चोरी आदि की घटनाओं में अकुंश लगाने के लिए रात्रि में करें प्रभावी गस्त तथा अवैध शराब/जुआ आदि के संबंध में गिरफ्तारी बरामदगी अभियान चलाकर आवश्यक कार्यवाही करें।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 13.09.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## क्षेत्राधिकारी चरखारी द्वारा कस्बा चरखारी में पैदल गस्त कर सदिंग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई तथा जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद में पैदल गस्त करके कस्बे में की गई संदिग्धों की चेकिंग



आज दिनाँक 13.09.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में शान्ति/कानून-व्यवस्था के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री उमेश चन्द्र द्वारा मय चरखारी पुलिस बल के साथ कस्बा गस्त किया गया तथा सभ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया एवं समस्त थानों द्वारा अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड, ढाबा आदि जगहो पर पैदल गस्त करके संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की गई तथा सुरक्षा के दृष्टिगत मन्दिरों में पुलिस तैनात किया गया है, साथ ही लोगो को कोविड संक्रमण की तीसरी लहर के प्रति सचेत करते हुए मास्क का प्रयोग व 02 गज की दूरी सहित कोविड गाइडलाइन का पालन करने की अपील की गई। इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब कि दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

यातायात नियमो के उल्लंघन पर **41 ई-चालान** किये गये तथा कोविड नियमों के उल्लघंन पर **03 व्यक्तियों से 500 रू0** वसूला गया ।



Mahoba Police